**दशहरा** — राम दरबार झांकी के संग सजी शोभायात्रा, गाटर घाट स्थित बनाए गए कुंड में सुरक्षा घेरे में किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल, अधिकारी करते रहे पेट्रोलिंग

# उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, धूमधाम से मनाया गया दशहरा महोत्सव





**नवभारत कटनी।** जिले में धूमधाम से मनाए गए दशहरा उत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। गोलबाजार रामलीला मैदान से रावण दहन चल समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें राम दरबार की झांकी, बजरंगबली का पुतला और तीन दर्जन से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं शामिल रहीं। देर रात तक गाटरघाट स्थित कृत्रिम कुंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा। बारडोली में दशहरा उत्सव बुधवार को भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। गोलबाजार रामलीला मैदान से रावण पुतले की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में जयकारों और नृत्य-गान के बीच चल समारोह रात तक चलता रहा।

इससे पहले शाम को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में महाआरती के बाद निकली शोभायात्रा गाटरघाट पहुंची, जहां कृत्रिम कुंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच क्रेन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। देर रात से सुबह तक लगातार प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा। कार्यक्रम में सांसद वीडी शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। सुरक्षा को देखते हुए शहरभर में पुलिस बल तैनात रहा। चल समारोह में शामिल दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम रात 12 बजे के बाद शुरू हो पाया, जो सुबह तक चलता रहा। इसके अलावा देर शाम से ही कुछ समितियों ने प्रतिमाओं का विसर्जन चल समारोह से हटकर किया। पंडालों से शाम को पूजन के बाद प्रतिमाएं निकाली गईं और नाचते-गाते व जयकारे लगाते श्रद्धालु विसर्जन के लिए उनको लेकर कटनी नदी के गाटरघाट पहुंचे, जहां निगम के कर्मचारियों की मदद से कुंड में प्रतिमाओं का विधि विधान से विसर्जन किया गया। गाटरघाट में बनाए गए कृत्रिम कुंड में क्रेन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुरक्षा को लेकर कोतवाली, कुठला, माधवनगर, एनकेजे, रंगनाथ नगर, महिला थाना प्रभारी सहित सहित अन्य थानों का बल, चौकियों के प्रभारी भी जुलूस मार्ग व विसर्जन स्थल पर तैनात रहे। चल समारोह के दौरान सुभाष चौक से सभी तरह के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी जाती है। शाम को बेरीकेट लगाने का काम नहीं होने से समारोह के बीच से ही लोग दोपहिया, तीन पहिया वाहन लेकर गुजरते रहे। जिसको लेकर कई बार कमेटी के लोगों व वाहन चालकों के बीच विवाद की स्थिति बनी। चल समारोह के दौरान काफी संख्या में पुलिस तैनात किया गया था, सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी, पुलिस अधिकारियोंकी पेट्रोलिंग टीम भी हर परिस्थिति पर नजर रख रही थी

## एक नजर में

### गांधी जयंती पर वैश्य महासम्मेलन चलाएगी स्वच्छता अभियान

**नवभारत, कटनी।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर 2025 को शहर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय, मैथिलीशरण गुप्त चौराहे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एकजुट होकर स्वच्छता का संदेश देंगे। अभियान की शुरुआत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कार्यालय परिसर, आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई से होगी। इसके माध्यम से समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी जयंती पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। इसके बाद सभी उपस्थितजनों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के पदाधिकारियों ने सभी समाजिक बंधुओं से कहा है कि वे समय पर एकत्रित होकर इस स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। संगठन का मानना है कि गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में यह छोटा सा प्रयास समाज के लिए बड़ी प्रेरणा साबित होगा। युवा इकाई ने आशा व्यक्त की है कि समाज के सभी वर्ग इस आयोजन से प्रेरणा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान देंगे।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने महात्मा गांधी जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 2, एफएल 3, एफएल 4, वाईनरी शॉप, लायसेन्स अन्तर्गत मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल 2, एफएल 3, एफएल 4, वाईनरी शॉप लायसेन्स परिसरों को 1 अक्टूबर की रात साढ़े 11 बजे से 3 अक्टूबर की सुबह साढ़े 8 बजे तक बंद रखा जाएगा।

## मवेशियों को क्रूरता पूर्वक हटाने की कार्रवाई जारी

**हाका गैंग हांकने की बजाय बर्बरता पूर्ण तरीके से हटा रहे मवेशी**



**नवभारत कटनी।** शहर के सार्वजनिक स्थानों से बेसहारा आवारा मवेशियों को हटाने के लिए नगर निगम की हॉका गैंग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन बेसहारा मवेशियों को हटाने के लिए जो तरीका अपना जा रहा है कि वो काफी क्रूरता पूर्ण है, बेसहारा मवेशियों की कोई पूंछ खींच रहा है तो कोई उसकी सींग को रस्सी से बांधकर खींच रहा है, और तो और मवेशियों को काबू में करने के लिए उनका विद्युत पोलों से भी बर्वरता पूर्वक बांध कर खींचा जा रहा है, ऐसा किए जाने से बेसहारा मवेशियों के एक बार के ही रेस्क्यू ऑपरेशन से अंदरूनी रूप से गंभीर रूप से चोटिल हो जाते हैं, कई बार तो उनसे चलते तक नहीं बनता है, जबकि हॉका गैंग को अपने नाम के अनुरूप बेसहारा आवारा मवेशियों को हॉकते हुए ले जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कटायेघाट मोड तक, दुगाडी नाला से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक, बिलहरी मोड़ से झिंझरी थाना तक, न्याय कुंज से पीरबाबा तक और मिशन चौक से पीर बाबा तक वाहन द्वारा भ्रमण कर आवारा विचरण करने वाले मवेशियों पर नियंत्रण किए जाने के लिए हांका गैंग द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार मिशन चौक से चांडक चौक तक, चांडक चौक से बस स्टैंड, कुठला इंडिया होटल से पन्ना तिराहा सहित अन्य स्थानों से आवारा मवेशियों को हटाया गया है।

## औद्योगिक गतिविधियों के विकास और विस्तार के लिए तैयार करें डीपीआर

**औद्योगिक विकास की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रोजगार, औद्योगीकरण निवेश संवर्धन, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की ऋण योजनाओं, एमएसएमई, सरलीकरण, उद्योगों, एमएसएमई को भूमि आवंटन, पीएम गतिशक्ति योजना, स्टार्टअप और एक जिला एक उत्पाद योजना के साथ स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर को कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी अनिल राठौर द्वारा एमपीआईडीसी के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों की गतिविधियों और प्रस्तावित कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर ने जिले में औद्योगिक गतिविधियों के विकास और विस्तार के लिए डीपीआर तैयार करने सहित अधोसंरचनात्मक कार्यों की भी प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा नवीन पॉलिसी 2025 जैसे एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, भू-आवंटन संबंधी नियमों की समीक्षा की। साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया की बैंकों से स्वरोजगार योजनाओं के ऋण वितरण कार्य में तेजी लाने सार्थक प्रयास किए जाए। कौशल विकास योजना के तहत् प्राचार्य आईटीआई द्वारा आईटीआई में प्रवेश और रोजगार की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की भी कलेक्टर ने समीक्षा की। इस मौके पर प्राचार्य, सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज ने बताया कि छात्रों का शत-प्रतिशत सभी ब्रांचों में प्रवेश दिलाया गया है। छात्रों की 75 से 80 प्रतिशत के बीच उपस्थिति भी रहती है।

बैठक में कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी जबलपुर अनिल राठौर, मुख्य महाप्रबंधक एमपीआईडीसी आरपी चक्रवर्ती महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, ज्योति सिंह, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज नरेन्द्र बरखेडकर, प्राचार्य आईटीआई, एलडीएम, उद्यानिकी विभाग, उपसंचालक पशुपालन डेयरी विकास डॉ आरके सोनी आदिम जाति कल्याण विभाग के विमल चौरसिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकसित किया जाएगा खेल मैदान, एनएसएस और एनसीसी से जुड़ेंगे छात्र

**स्कूल के नवनिर्मित भवन का सांसद ने किया लोकर्पण**




**नवभारत कटनी।** सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य और महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम द्वारा एक करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की नव निर्मित बिल्डिंग का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि आज के शुभ अवसर पर हम सभी यहां शाला भवन का लोकार्पण करने एकत्रित हुए है। भवन सर्वसुविधायुक्त, गुणवत्तापूर्ण होने से छात्र- छात्राओं को सुविधा युक्त वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान सांसद परिसर में खेल मैदान विकसित करने के साथ ही छात्रों को एनएसएस और एनसीसी में भी सम्मिलित कराने के लिए शासन स्तर से पत्राचार करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम दौरान सांसद ने छात्रा अंशिका पटेल को 12 कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासन द्वारा दी जाने वाली स्कूटी की चाबी छात्रा को सौपते हुए अंशिका के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, वार्ड पार्षद मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना बैनर्जी, डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला, सुमन राजू माखीजा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, रुक्मणी बर्मन, पार्षद संतोष शुक्ला, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीतांबर तोपनानी, पूर्व पार्षद पार्वती निषाद, राजू माखीजा, विजय डब्बू रजक, कमलेश चौधरी, सीमा जैन सोगानी, सुरेश सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आश्रम पहुंचे कलेक्टर-कमिश्नर, किया वृद्धों का सम्मान

**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम पहुंचे कलेक्टर**



**नवभारत कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर बुधवार को कलेक्टर आशीष तिवारी शहर के दद्दा धाम कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम पहुंचकर सभी वृद्धजनों से भेंट किया और शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुक्त तपस्या परिहार और अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के पुरुष वृद्धजनों को ट्रैक सूट और महिलाओं को साड़ी का उपहार भेंट किया। कलेक्टर ने श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के परिसर का भी भ्रमण किया।

इसके पूर्व कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त ने गृहस्थ संत पूज्य पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के समाधि स्थल पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की और माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के पंडित नीरज त्रिपाठी, मोहन केसरवानी, अशोक गेडा, दीपक दुबे, दीपक जैन, गोविंद पटेल, राम किशोर यादव, केपी सिंह, संतोष गुप्ता, राहुल गर्ग, कृष्णा विश्वकर्मा, राम सुजान द्विवेदी और संजीव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने गांव-गांव कराई जाएगी मुनादी

**आज से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान, कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी**




**नवभारत कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप जिले के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जिले में 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार भी मौजूद रही। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गांव-गांव पशुपालकों से सम्पर्क किया जाएगा और उन्हें पशुओं की नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में जागरूक किए जाने के साथ मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। जिसकी शुरूआत दो अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जाएगी। अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा। ग्रामीणों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए गांव-गांव में मुनादी भी पिटवाई जाएगी। पशुपालन डेयरी विकास के उपसंचालक डा आरके सोनी ने बताया गया कि अभियान में 10 या 10 से अधिक गौ-वंश रखने वाले पशुपालकों से संपर्क जाएगा।

## चोरी-छिपे शराब बेचने पर लाईसेंसी और सेल्समैन पर मामला दर्ज

**पुलिस ने शराब दुकान लाईसेंसी और सेल्समैन पर की कार्रवाई**

**नवभारत कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत गर्ग चौराहे में स्थित लाईसेंसी शराब दुकान से बंद होने के निर्धारित समय बाद भी शराब का विक्रय किए जाने पर पुलिस ने दुकान के लायसेंस शुभम जायसवाल और सेल्सेमेन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शराब दुकन को बंद करने का निर्धारित समय रात साढ़े 11 बजे हैं, दुकान संचालक ने दुकान की शटर भी बंद करवाई, लेकिन चोरी छिपे उसके द्वारा शराब का विक्रय किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दुकान के लायसेंसी शुभम जायसवाल और दुकान के सेल्समैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

मामले की जांच की जा रही है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर दुकान का लाईसेंसी निलंबित करने के लिए भी पत्राचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शराब दुकानों से चोरी छिपे शराब बेची जाती है, दुकान बंद होने के बाद ऐसे रास्ते बनाए गए हैं, जहां से बंद दुकानों से शराब बेची जा सके।

बताया जाता है कि उक्त सैल्समैन द्वारा दुकान के नीचे नाली नुमा रास्ता बनाकर दुकान बंद होने के बाद शराब बेची जाती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, इस बार पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकण की जांच शुरू कर दी है।



**कार्यक्रम** — नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सांसद, महापौर ने दिव्यांगों को दिए सहायक उपकरण

## योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना केन्द्र सरकार का लक्ष्य





**नवभारत,कटनी।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम के बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार को एडिप योजना के तहत दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी रही। शिविर में एडिप योजना अंतर्गत एलिम्पो कंपनी द्वारा चिह्नित 43 हितग्राहियों में से उपस्थित 39 हितग्राहियों को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य अपनी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिए जा रहे हैं, ये उपकरण उनके जीवन-यापन में बहुत उपयोगी साबित होंगे। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य गोविंद चावला, तुलसा गुलाब बेन, सुमन राजू माखीजा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, शशिकांत तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग सुरेश सोनी, पूर्व पार्षद सीमा जैन सोगानी, सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, पूर्व निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर सामाजिक न्याय अनुराग मोदी, जनपद पंचायत सीईओ कटनी प्रदीप सिंह, सहित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जनपद पंचायतों और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में दिव्यांगजन, सहित परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया।

## आज से ग्राम सभाओं का आयोजन, एजेंडा पर होगी चर्चा

**नवभारत कटनी।** ग्रामीण स्व-शासन को मजबूत करने और ग्रामीण विकास से जुड़े एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लेने के उद्देश्य से महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से जिले में ग्राम सभाओं का आयोजन शुरू किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने मध्य प्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधानों और शासन के निर्देशों के तहत ग्राम सभाएं आयोजित करने के लिए आदेश जारी किया है। कलेक्टर के निर्देश पर इन ग्राम सभाओं में नियमित एजेंडा बिंदुओं के साथ-साथ स्थानीय कार्यसूची को भी शामिल किया जाएगा। कलेक्टर ने पूर्व में नियुक्त स्थायी नोडल अधिकारियों के माध्यम से शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन करने का निर्देश दिया है। राज्य शासन द्वारा जारी ग्राम सभा के एजेंडा के अनुसार वन विभाग द्वारा 5 वर्ष की अवधि पूरा कर चुकी वन समितियों के पुनर्गठन पर चर्चा की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सामाजिक संपरीक्षा पर चर्चा की जाएगी।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024